## शहरों में डिजिटल समावेशन के लिए समाधानों का डेटाबेस (अल्फा संस्करण)

# सबके लिए स्मार्ट शहर

## अभिस्वीकृति

इस उपकरण का विकास उन विशेषज्ञों के योगदान के बिना संभव नहीं हुआ होता, जो विश्व भर में आईसीटी सुगम्यता के अधिक बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन को सक्रियता के साथ प्रोत्साहित कर रहे हैं।

निम्नलिखित समीक्षकों के अमूल्य योगदानों को कृतज्ञतापूर्वक स्वीकृत किया जाता है:

**एन पी. न्यूयेन,** संधारणीय सड़क सुगम्यता समन्वयक, सैन फ्रान्सिस्को नगरपालिका परिवहन अभिकरण (एसएफएमटीए)

**रॉन एसपिनोसा,** उपाध्यक्ष, कनेक्टथिंग्स

**समंता बार्बर,** मुख्य निष्पादन अधिकारी, यूकैनडूइट

**फेर्नेंडो जैकोम,** बाह्य संबंध, आवास मंत्रालय, युकेडोर सरकार


**जोशुआ मेइले,** अनुसंधान और विकास का सहायक निदेशक, स्मिथ-केटेलवेल नेत्र अनुसंधान संस्थान

**रायन गेरेटी,** प्रौद्योगिकी अध्येता, समतापूर्ण विकास, फोर्ड प्रतिष्ठान

**सिंथिया ओवर्टन,** मुख्य शोधकर्ता, अमरीकी अनुसंधान संस्थान

# 1

# डिजिटल समावेशन के समाधानों का डेटाबेस क्या है?




डिजिटल समावेश के समाधानों का यह डेटाबेस (डेटाबेस) स्मार्ट शहरों में रहने वाले अक्षमता-युक्त व्यक्तियों, अधिक उम्र के लोगों, और अन्य विभिन्न प्रकार के नागरिकों को लाभान्वित कर सकने वाले 350 से अधिक वर्तमान उत्पादों और समाधानों को शामिल करता है। जब इस डेटाबेस को सामान्य रूप से उपलब्ध कराया जाएगा, तब उसका ऐसे किसी भी व्यक्ति के द्वारा उपयोग किया जा सकेगा जो अक्षमता वाले व्यक्तियों और बुज़ुर्ग जनों के डिजिटल समावेशक को समर्थित करने वाले स्मार्ट शहर ऐपों, सेवाओं, उत्पादों, कंपनियों, और संगठनों के बारे में अधिक जानकारी पाना चाहता है।

डेटाबेस में शामिल प्रत्येक प्रविष्टि में समाधान का विवरण है, तथा वह बताती है कि समाधान अक्षमता-युक्त लोगों को या बढ़ती उम्र से संबंधित न्यूनताओं वाले व्यक्तियों के लिए किस तरह प्रासंगिक है। प्रत्येक प्रविष्टि इसके बारे में भी जानकारी देती है कि वह समाधान स्वतंत्र जीवन-यापन, परिवहन, स्वास्थ्य, रोज़गार, और वित्तीय सेवाएँ, जैसे 12 प्रमुख प्रभाव क्षेत्रों में उपयोगकर्ताओं को किस तरह संभावित रूप से लाभान्वित कर सकता है।

स्मार्ट शहरों से संबंधित विविध संगठनों और भूमिकाओं के लिए इस डेटाबेस का संदर्भ के रूप में उपयोग है। इस संगठनों और भूमिकाओं में शामिल हैं, सेवाओं के लाभार्थी, सरकारी प्रबंधक, नीति-निर्माता, सूचना प्रौद्योगिकी पेशेवर, अक्षमता अधिवक्ता, प्राप्ति अधिकारी, तकनीकी आपूरक, और स्मार्ट शहरों के लिए सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग और समाधान अभिकल्पित करने वाले डेवलपर।

# 2

## हमने यह डेटाबेस क्यों बनाया, और इसका अगला चरण क्या है?



डिजिटल समावेशन के समाधानों का डेटाबेस अल्फा संस्करण है और हम निकट भविष्य तक उसे विकसित करते रहेंगे। फिलहाल उसके जैसा कोई दूसरा डेटाबेस नहीं है। जी3आईसीटी और सक्षम विश्व ने इस डेटाबेस का विकास विश्व भर के स्मार्ट शहरों के नेताओं से प्राप्त प्रत्यक्ष अनुरोध पर किया है। सरकारों, उद्योगों, और अक्षमता संगठनों के विशेषज्ञों ने स्मार्ट शहरों में रहने वाले अक्षमता-युक्त लोगों और अधिक उम्र के लोगों के जीवनों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाले ऐपों और समाधानों के बारे में जानकारी का एकल आधिकारिक स्रोत के होने की प्रबल आवश्यकता ज़ाहिर की। विशेष रूप से शहरों के अधिकारियों ने बताया कि ऐसा डेटाबेस उन्हें तेज़ी से विकसित हो रहे स्मार्ट शहर बाज़ार में उपलब्ध नवीनतम समाधानों से अवगत रहने में मदद करेगा।

आगे बढ़ते हुए, जी3आईसीटी और सक्षम विश्व इस डेटाबेस को विकसित करते जाने और उसे अधिकाधिक उपयोगी बनाने के प्रति समर्पित हैं। हमने इस डेटाबेस को अल्फा से बीटा संस्करण तक ले जाने के लिए एक नक्शा तैयार किया है, और हम आपको इस उपकरण पर कार्य को अधिक विस्तार देने और उसमें सुधार लाने में योगदान करने के लिए आमंत्रित करते हैं। यह दस्तावेज़ इस उपकरण का सिंहावलोन और विवरण प्रस्तुत करता है और बताता है कि आप इसके विकास में और भविष्य में इसके बीटा संस्करण के लोकार्पण में कैसे योगदान कर सकते हैं।


# 3

# अल्फा के पाँच घटक

निम्नलिखित पाँच वस्तुओं का लोकार्पण मई 2017 में किया जा रहा है ताकि डेटाबेस के प्रारंभिक अल्फा संस्करण के बारे में जन-साधारण को जानकारी मिल सके:

**डेटाबेस के अल्फा संस्करण के पाँच घटक**

1. अवधारणा का प्रमाण
2. डेटाबेस के आयाम
3. समाधानों के डेटाबेस का लघु-चित्र
4. अल्फा परीक्षण का नक्शा
5. कार्रवाई के लिए आह्वान



# अवधारणा का

जून 2016 में सबके लिए स्मार्ट शहर पहल शुरू करने के बाद, जी3आईसीटी और सक्षम विश्व ने 250 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों का एक सर्वेक्षण; वैश्विक स्मार्ट शहरों (क्विटो, बार्सिलोना, लंदन, सैन फ्रांसिस्को और न्यू यॉर्क) में गोलमेज चर्चाओं की एक शृंखला; और, स्मार्ट शहर कार्यक्रमों के प्रबंधकों, अक्षमता के क्षेत्र में कार्य कर रहे नेताओं, और विश्व भर के प्रौद्योगिकीविदों के साथ आमने-सामाने की बातचीत, का आयोजन किया।

इनमें से प्रत्येक से इस डेटाबेस को विकसित करने का प्रबल औचित्य प्राप्त हुआ, और उसके अभिकल्प को लेकर गहन अंतर्दृष्टि भी मिली। अधिक विशिष्ट रूप से, हमारा सबके लिए स्मार्ट शहर अनुसंधान दर्शाता है कि:

- इस परियोजना द्वारा सर्वेक्षित 60 प्रतिशत वैश्विक विशेषज्ञ मानते हैं कि आजकल के स्मार्ट शहर अक्षमता वाले व्यक्तियों का साथ छोड़ रहे हैं। सर्वेक्षित विशेषज्ञों में से केवल 18% ने बताया कि उन्हें ऐसे स्मार्ट शहर पहलों के बारे में जानकारी है, जो आईसीटी सुगम्यता के अंतर्राष्ट्रीय मानकों का उपयोग करते हैं, जो यह दर्शाता है कि सुधार के लिए काफी गुँजाइश है। दरअसल, 90% से अधिक वैश्विक विशेषज्ञ मानते हैं कि आईसीटी सुगम्यता से लाभ लेने वाले स्मार्ट शहर पहल अक्षमता वाले व्यक्तियों और अधिक उम्र के लोगों को अपने समुदायों में अधिक समाविष्ट होने में मदद कर सकते हैं।

- वैश्विक उत्तर के और वैश्विक दक्षिण के विशेषज्ञों (85%) का मानना है कि स्मार्ट शहर कार्यक्रमों और समाधानों में आईसीटी सुगम्यता के परिनियोजन को सुनिश्चित करने के मार्ग की सबसे बड़ी चुनौती अक्षमता और सुग्मयता प्रौद्योगिकी के बारे में जागरूकता की कमी है। वैश्विक दक्षिण में, दूसरी सबसे बड़ी चुनौती तकनीकी समाधानों की कमी बताई जाती है।

- वैश्विक विशेषज्ञों की राय में विभिन्न प्रकार की प्रौद्योगिकियाँ (उदा., मोबाइल प्रोद्योगिकी, पहने जाने योग्य युक्तियाँ, सर्वव्यापी संवेदी नेटवर्क, क्लाउड कंप्यूटिंग, कृत्रिम बुद्धि, आदि) विश्व भर के स्मार्ट शहरों में अक्षमता वाले व्यक्तियों और अधिक उम्र के लोगों के डिजिटल समावेशन को समर्थित करने की दृष्टि से उपयोगी हैं। सर्वेक्षित विशेषज्ञों में से आधे से अधिक (58%) ने स्मार्ट शहरों में डिजिटल समावेशन की समस्या का समाधान करने के लिए सुगम्यता समाधानों की सूची तैयार करने को सर्वोच्च रणनीतियों में विशेष स्थान दिया है।

विशेषज्ञों के सर्वेक्षण के अलावा, सबके लिए स्मार्ट शहर वैश्विक गोलमेज़ चर्चाएँ और आमने-सामने के साक्षात्कार इसे समझने में और मौजूदा समझ को अधिक तीक्ष्ण करने में उपयोगी रहे कि स्मार्ट शहर समाधानों का डेटाबेस कैसे और क्यों विश्व भर के शहरों में डिजिटल समावेशन को समर्थित कर सकता है।

इस विशद अभिमत के आधार पर, डेटाबेस का ढाँचा अभिकल्पित किया गया, उसकी समीक्षा की गई, विशेषज्ञों के साथ उसका परीक्षण किया गया, जिनमें अक्षमता-युक्त व्यक्ति भी शामिल थे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्फा संस्करण परियोजना के ध्येयों और वैश्विक आवश्यकताओं के साथ संरेखित होता है। विशेषज्ञों के अभिमत ने इस उपकरण के विकास को जारी रखने के लिए एक स्पष्ट मानचित्र तैयार करने में भी मदद की।

## डेटाबेस के आयाम

समाधानों के डेटाबेस को तीन प्रमुख आयामों के इर्द-गिर्द संगठित किया गया है। ये आयाम वैश्विक विशेषज्ञों के अभिमतों के आधार पर विकसित किए गए थे और वे डेटाबेस के किसी संसाधन के सर्वाधिक महत्वपूर्ण आवश्यकताओं को परिभिषत करते हैं और उसे खोजे जा सकने वाले और उपयोग में आसान संरूप में प्रस्तुत करने के सर्वोत्तम तरीकों को पहचानते हैं।

ये तीन प्रमुख आयाम हैं:

- समाधान जिस अक्षमता या न्यूनता के लिए बनाया गया है, वह - डेटाबेस को स्पष्टता के साथ यह व्यक्त करना होगा कि समाधान या सेवा कैसे किसी विशिष्ट न्यूनता को सीधे लाभान्वित करता है या उस न्यूनता को सुधारता है।

- समाधान के साथ संबंधित प्रभाव क्षेत्र - सभी समाधानों को 12 प्रभाव क्षेत्रों में से किसी एक में रखा गया है, जिनमें, यदि वह समाधान उपलब्ध हो, तो वह किसी अक्षमता युक्त व्यक्ति को या अधिक उम्र के व्यक्ति को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। ये 12 प्रभाव क्षेत्र हैं, स्वावलंबी जीवन, परिवहन, ई-शासन, रोज़गार, नागरिक संलग्नता, सुरक्षा एवं न्याय, स्वास्थ्य देखरेख, उद्यमशीलता, आपातकालीन प्रतिक्रिया, शिक्षण और प्रशिक्षण, मतदान और निर्वाचन, और वित्तीय सेवाएँ।

- युक्ति का मंच और प्रचालन तंत्र - यह इसे सुनिश्चित करता है कि संसाधन की खोज कर रहे लोगों को ऐसे विशिष्ट समाधान मिलते हैं जो उनके द्वारा उपयोग की जा रही प्रोद्योगिकी युक्ति या सेवाओं के लिए उपयुक्त हैं।

## समाधानों के डेटाबेस का लघु-चित्र

आंतरिक अल्फा परीक्षण के एक भाग के रूप में हम पहले से ही विशेषज्ञों के साथ काम करते हुए उपर्युक्त तीन आयामों के अनुसार डेटाबेस में मौजूद 350 से अधिक समाधानों की समीक्षा कर रहे हैं।

अल्फा संस्करण में हम 12 प्रभाव क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिए समाधानों का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। इसमें शामिल हैं, इसका संक्षिप्त विवरण कि इन उपकरणों को कैसे सफलतापूर्वक विनियोजित किया जा रहा है। डेटाबेस यह भी स्पष्ट करता है कि डेटाबेस समाधान किन प्रभाव क्षेत्रों को अच्छी तरह से प्रतिनिधित्व करता है और किन प्रभाव क्षेत्रों की ओर अतिरिक्त ध्यान देने की आवश्यकता है।

# 12 प्रभाव क्षेत्र और उदाहरण



### समुदाय और स्वतंत्र जीवन-यापन

वेलासेंस एक मोबाइल ऐप है जो लोगों, वस्तुओं और परिवेशों के बारे में तात्कालिक प्रतिपुष्टि देता है। इसमें शामिल हैं पाठ, रंग, मुद्रा, बारकोड और जाने-माने चेहरों को पहचानने की क्षमता रखने वाले उपकरण। यह चाक्षुक न्यूनता वाले लोगों को अपने परिवेश के बारे में तुरंत ही अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने में मदद करता है।



### परिवहन और गतिशीलता

सिटी साउंडस्केप और सिटीस्क्राइब, यूके गाइड डॉग्स और Microsoft के बीच सहयोग के रूप में शुरू हुए। वे दृष्टि-बाधित व्यक्तियों को अपने शहरों में संचरण करने के लिए तात्कालिक 3डी श्रवण दिशा-निर्धारण, निजीकृत सामग्री, और नए अनुभव पेश करते हैं।



### ऑनलाइन सार्वजनिक सेवाएँ और ई-शासन

सीयूआईडीएपीपी को मेक्सिको के ग्वाडलजारा शहर ने शुरू किया है और वह नागरिकों को शहर के सचेतों, समारोहों, सेवाओं, सूचनाओं और प्रमुख निर्णयों को सीधे प्राप्त करने के लिए एक निजीकृत चैनल प्रस्तुत करता है। यह ऐप नागरिकों और लोक सेवकों को एक-दूसरे के साथ जुड़ने भी देता है।



### रोज़गार के अवसर

रोजर वोइस बहरे और ऊँचा सुनने वाले लोगों को समर्थित करता है और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले, निजी, वास्तविक समय (रियल टाइम) में वाणी को पहचानने और वाणी को स्वतः ही लिखित संदेशों में परिवर्तित करने वाले फोन कॉल उपलब्ध कराता है। पेरिस में ऊँचा सुनने वाले नागरिक इस उपकरण का उपयोग करके भर्ती, साक्षात्कार, और कर्मचारी नियोजन में बेहतर परिणाम प्राप्त कर रहे हैं।



### नागरिक संलग्नता

दक्षिण अफ्रीका की कंपनी इंटरवेट का स्मर्ट नागरिक समाधान नागरिकों को अपने स्मार्टफोन का उपयोग करके खराब सड़कों, पानी के रिसाव, या टूटी यातायात बत्तियों जैसी समस्याओं की जानकारी प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। इंटरवेट सुगम्यता की समस्याओं की सूचना देने के लिए एक नई "सुगम्यता" मामला श्रेणी विकसित करने पर विचार कर रहा है, उदाहरण के लिए, पहिए वाली कुर्सियों के लिए बने ढलानों में विद्यमान समस्याएँ, आदि।



### सार्वजनिक सुरक्षा और न्याय

ब्यूनोस एयर्स के सर्वोच्च न्यायालय ने लैगाश की साझेदारी में अगस्ता नामक एक वेबसाइट तथा डिजिटल सेवाएँ परिनियोजित की हैं, जो नागरिकों को अधिक कार्यक्षम रीति से न्यायालयों में पहुँचने देती हैं। अगस्ता भिन्न-भिन्न माध्यमों (वीडियो और दस्तावेज़), डिजिटल हस्ताक्षर, आदि का उपयोग करते हुए नागरिकों को दूर से इलेक्ट्रॉनिक रीति से न्यायालय प्रणाली में अपनी भागीदारी को प्रबंधित करने देता है।



### आपात स्थितियों के लिए तैयारी और प्रतिक्रिया

क्विटो, युकाडोर में, सिमौक्स निगम ने रेड अलेर्टा नामक मंच विकसित किया है जो नागरिक संप्रेषण और सुरक्षा में मदद करता है। वह पारिवारिक आपात-स्थितियों की जानकारी चुनिंदा रिश्तेदारों और मित्रों की निजी मंडलियों में संप्रेषित करने देता है। उसमें प्राकृतिक विपदाओं और अन्य अधिक व्यापक विपदाओं के दौरान सूचनाओं को शहर-व्यापी स्तर पर संप्रेषित करने की भी व्यवस्था है।



### स्वास्थ्य की देखरेख और चिकित्सीय सेवाएँ

प्राक्टिकेर्टजानस्ट स्वीडन का सबसे बड़ा निजी स्वास्थ्य-देखरेख प्रदाता है। उसने कोलैबोडॉक नामक क्लाउड-आधारित तीव्र देखदेख उपकरण परिनियोजित किया है, जो चिकित्सीय कर्मियों और रोगियों के बीच सहयोग को और चिकित्सीय सेवाओं की कार्यक्षमता को बढ़ाता है। प्राक्टिकेर्टजानस्ट डेटा का उपयोग करके उन समयों का अनुमान लगाता है जब बीमारियाँ बढ़ सकती हैं और ऐसे समयों के लिए आपूर्तियों, उपकरणों, और कर्मियों को तैयार रखता है।




### उद्‌यमशीलता और नवप्रवर्तन

कन्सास शहर ने सिस्को सिस्टेम्स के साथ मिलकर द लिविंग लैब (जीवंत प्रयोगशाला) निर्मित की है, जो नए अनुप्रयोगों, उद्‌यमशीलता और नवप्रवर्तन के विकास को प्रोत्साहित करती है। जीवंत प्रयोगशाला चीज़ों का इंटरनेट (आईओटी) और अन्य उत्तरोत्तर अधिक महत्व ग्रहण कर रही डिजिटल प्रोद्‌योगिकियों के इर्द-गिर्द नवप्रवर्तन को उत्प्रेरित करती है।



### शिक्षण और व्यवसाय-गत प्रशिक्षण

यूनान के लियोनटेयोस पैटिसियोन नामक शहर ने ईपीएएफओएस की साझेदारी में एडू4स्कूल्स नामक एक ऑनलाइन मंच विकसित किया है। वह विद्‌यालयों, छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों, और प्रशासकों को वेब ब्राउज़र या मोबाइल युक्ति के जरिए संपूर्ण विद्‌यालय समुदाय के लिए महत्वपूर्ण सूचना सेवाओं में पहुँच प्रदान करता है।



### मतदान और जनतांत्रिक प्रक्रियाएँ

डेमोक्रेसी लाइव (अर्थाक जीवंत लोकतंत्र) ने लाइवबैलट (जीवंत-मतपत्र) नामक उत्पाद अक्षमता-युक्त मतदाताओं, दुर्गम स्थानों में रहने वाले मतदाताओं और अन्य लोगों को सुरक्षित रीति से इलेक्रटॉनिक मतपत्र पहुँचाता है। यह अमरीका का सर्वाधिक उपयोग किया जाने वाला वेब-आधारित मतदान मंच है जिसे सैकड़ों चुनावों में परिनियोजित किया गया है। यह 100% एडीए का अनुपालन करता है।



### वित्तीय सेवाएँ

सिंगापुर का ट्रांजिटलिंक एबीटी पोर्टल, जिसे मास्टरकार्ड की साझेदारी में परिनियोजित किया गया है, संपर्क-रहित रूप से भाड़ा चुकाने को समर्थित करता है, जिसके लिए वह सार्वजनिक परिवहन हेतु खाता-आधारित टिकटन (एबीटी) का उपयोग करता है। यह अक्षमता-युक्त लोगों को अधिक आसानी से सार्वजनिक बसों और ट्रेनों का उपयोग करने का अवसर प्रदान करता है।

## अल्फा परीक्षण का नक्शा

डेटाबेस के अल्फा संस्करण के लिए हमने डिजिटल समावेशन के 350 स्मार्ट शहर समाधानों का एक प्रारंभिक समुच्चय इकट्ठा किया है।

आगे बढ़ते हुए, हमारा ध्येय है, 2017 के अंत में बीटा संस्करण लाने तक 1000 समाधानों को खोजना। अल्फा से बीटा संस्करण की ओर प्रयाण करने के विशिष्ट चरण ये हैं:

1. डिजिटल समावेशन को प्रभावित कर सकने वाले और अधिक स्मार्ट शहर समाधानों को जोड़ना जारी रखना।

2. डेटाबेस के सभी समाधानों को इन तीन आयामों के अनुसार मूल्यांकित करना:

- समाधान जिस अक्षमता या न्यूनता के लिए बनाया गया है, वह
- समाधान के साथ संबंधित प्रभाव क्षेत्र
- युक्ति का मंच या प्रचालन तंत्र

3. डेटाबेस को शहर प्रबंधकों, प्रमुख विश्वविद्यालयों के शिक्षा-विदों, शोध संस्थाओं और नागरिक समाज और उद्योग दोनों के ही नेताओं को परीक्षण हेतु उपलब्ध कराना। यह प्रत्येक समाधन को डेटाबेस के तीन आयामों के अनुसार मूल्यांकन करने में मदद करेगा तथा डेटाबेस के सतत सुधार के लिए अतिरिक्त सूचनाएँ उपलब्ध कराएगा।

## कार्रवाई के लिए आह्वान

इस डेटाबेस को अल्फा से बीटा संस्करण में ले जाने के लिए इस मानचित्र में उल्लिखित तीन चरण वैश्विक दक्षिण और वैश्विक उत्तर दोनों को ही संल्गन करेगा ताकि सर्वाधिक कारगर योगदान प्राप्त हो सके। डेटाबेस को अल्फा से बीटा संस्करण की ओर ले जाने का कार्य वित्तीय समर्थन और साझेदारी प्राप्त कर सकने पर टिका हुआ है।

13 जून 2017 को जी3आईसीटी एम-सक्षम शिखर सम्मेलन में हम अतिरिक्त समाधानों के लिए अनुरोध करेंगे। हम डेटाबेस में जोड़े जाने हेतु समाधानों के संग्रह के लिए एक व्यवस्था उपलब्ध कराएँगे। समाधानों के सत्यापन की प्रक्रिया को अधिक विस्तृत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि डेटाबेस डिजिटल समावेशन के लिए अद्यतन, प्रासंगिक, और उपयोगी बना रहता है, भावी कार्रवाई के लिए आह्वान किया जाएगा।


हम चाहते हैं कि हितधारक और साझेदार डिजिटल समावेशन समाधान डेटाबेस में योगदान करें और विश्व भर के उपयोगकर्ताओं और विशेषज्ञों से अतिरिक्त परामर्श इकट्ठा करें।

# 4

## सबके लिए स्मार्ट शहर परियोजना का सिंहावलोकन

जून 2016 में, जी3आईसीटी और वर्ल्ड एनेबेल्ड (अर्थात सक्षम विश्व) ने विश्व भर के स्मार्ट शहरों में आईसीटी सुगम्यता और अक्षमता-युक्त व्यक्तियों और बुज़ुर्ग जनों के डिजिटल समावेशन की वर्तमान स्थिति को परिभाषित करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय पहल शुरू की। इस पहल में शामिल थे शहर-शासन, उद्योग, नागरिक समाज, और शिक्षा-क्षेत्र से जुड़े 250 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों का एक सर्वेक्षण, और विश्व भर में स्थित विभिन्न स्मार्ट शहरों में अनेक गोलमेज़ चर्चाएँ। इस पहल ने पुष्टि की कि आजकल के अधिकांश स्मार्ट शहर सच्चे अर्थों में सुगम्य नहीं हैं, जिससे अक्षमता वाले व्यक्तियों और बुज़ुर्ग जनों को निरंतर बढ़ रही डिजिटल खाई का सामना करना पड़ रहा है।

वैश्विक विशेषज्ञों को आईसीटी सुगम्यता मानकों और विश्व भर के स्मार्ट शहर कार्यक्रमोंके बीच कोई स्पष्ट संबंध नहीं नज़र आ रहा है। सर्वेक्षित वैश्विक विशेषज्ञों में केवल 18% ऐसे स्मार्ट शहरों से परिचित थे जो आईसीटी सुगम्यता मानकों का उपयोग करते हैं। आगे बढ़ते हुए, विश्व भर के विशेषज्ञ इस विश्वास को लेकर स्पष्ट हैं कि सच्चे अर्थों में सुगम्य स्मार्ट शहर निर्मित करने के लिए, आईसीटी की सभी सार्वजनिक प्राप्तियों में सुगम्यता को एक अनिवार्य कसौटी बनाना ज़रूरी है।



## जी3आईसीटी

समावेशी सूचना और संप्रेषण प्रौद्योगिकियाँ नामक वैश्विक पहल संयुक्त राष्ट्र के आईसीटी और विकास हेतु वैश्विक गठबंधन द्वारा, अक्षमता-युक्त लोगों के अधिकारों से संबंधित संधि के सचिवालय के सहयोग से, संयुक्त राष्ट्र डीईएसए में दिसंबर 2006 को लोकार्पित वकालती पहल है। इसका मिशन है, अक्षमता युक्त लोगों के अधिकारों से संबंधित संधि (सीआरपीडी) के प्रावधानों के कार्यान्वयन को सुगम बनाना और समर्थित करना और डिजिटल सुगम्यता और सहायक प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना। अधिक जानकारी यहाँ है: http://g3ict.org/

## सक्षम विश्व

सक्षम विश्व एक वैश्विक शिक्षण, संप्रेषण और रणनीतिक परामर्श समूह है। हम कंपनियों और सरकारों को अक्षमता-युक्त लोगों के अधिकारों को बढ़ावा देने वाले कानूनी अधिकारों के पूर्ण क्रियान्वयन में समर्थित करते हैं। हमारा कार्य और शोध पहल शहरी आयोजन और समावेशी शहर विकास पर ध्यान केंद्रित करती हैं। अपने अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ मिलकर हम समावेशी समाज निर्मित करते हैं जिनमें अक्षमता-युक्त व्यक्ति अपनी प्रतिभाओं को पूरी तरह से विकसित करते हैं और अपनी पूर्ण क्षमताओं को प्राप्त करते हैं। अधिक जानकारी यहाँ उपलब्ध है - http://worldenabled.org/

# टीम का आत्व-वृत्त

इस पहल का नेतृत्व जी3आईसीटी के उपाध्यक्ष जेम्स थर्स्टन और सक्षम विश्व के अध्यक्ष डॉ. विक्टर पिनेदा कर रहे हैं। जेम्स और विक्टर दोनों ही प्रमुख वैश्विक विशेषज्ञ हैं जो एक विस्तृत गठबंधन निर्मित करने के लिए समर्पित हैं जो यह सुनिश्चित करेगा कि अक्षमता-युक्त लोग भी स्मार्ट शहरों द्वारा प्राप्त की गई आश्चर्यजनक उन्नतियों का लाभ अन्य लोगों के ही समान ले सकेंगे।



डॉ. विक्टर सैंटिएगो पिनेडा सक्षम विश्व के अध्यक्ष हैं। विक्टर सैंटियागो पेनेडा सुगम्य प्रौद्योगिकी और पर्यावरण के वैश्विक गठबंधन (जीएएटीइएस) के अध्यक्ष भी हैं। डॉ. पिनेदा अंतर्राष्ट्रीय अक्षमता अधिकारों के क्षेत्र के जाने-माने अग्रणी विशेषज्ञ हैं जिन्हें अमरीका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने वास्तुशिल्पीय और परिवहन बाधाएँ अनुपालन बोर्ड में शामिल किया था। वे कैलिफोर्निया विश्वविद्याल, बेर्कली, में शहर आयोजन सिखाते हैं। डॉ. पिनेदा को अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जिनमें शामिल हैं राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिष्ठान (एनएसएफ) नवप्रवर्तन अनुसंधान अनुदान, फुलब्राइट-हेस छात्रवृत्ति, और एएपीडी पॉल जी. हिएर्न नेतृत्व पुरस्कार। डॉ. पिनेदा ने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बेर्कली, से बी.ए., बी.एस., और एम.सी.पी. की पदवियाँ, और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस ऐंजेल्स, से पी.एचडी. की पदवी प्राप्त की है।



जेम्स थर्स्टन प्रौद्योगिकी नीति के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय रूप से विख्यात विशेषज्ञ हैं। वैश्विक रणनीति और विकास के विषय के लिए जी3आईसीटी के अध्यक्ष के रूप में, आप नए कार्यक्रमों के अभिकल्पन और कार्यान्वयन का नेतृत्व करते हैं ताकि जी3आईसीटी के वैश्विक प्रभाव को अधिक विस्तार दिया जा सके। आपने अमरीका और अन्य देशों के उच्च पदासीन वैश्विक नेताओं को प्रौद्योगिकी नीति, मानवाधिकार और डिजिटल समावेशन पर परामर्श दिया है। आपको महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों के समाधान हेतु प्रौद्योगिकी और लोक-नीति, इन दोनों के ही क्रियान्वयन का अनुभव है। आपको निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में नीतिगत और प्रबंधकीय अनुभव है जो सरकार के संघीय, राज्य-स्तरीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों तक व्याप्त है। जी3आईसीटी में शामिल होने से पहले थर्स्टन महोदय Microsoft में अंतर्राष्ट्रीय सुगम्यता नीति के निदेशक थे, जहाँ आपने अक्षमता और प्रौद्योगिकी के मामलों से संबंधित उस कंपनी के कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए एक विश्व-व्यापी रणनीति विकसित की और उसे कार्यान्वित किया। थर्स्टन महोदय ने वाशिंगटन विश्वविद्यालय से लोक प्रकाशन और पूर्वीय यूरोपीय अध्ययन इन दोनों ही विषयों में निष्णात स्तर (एमए) तक की पढ़ाई की है। इसके अलावा आपने मेइन विश्वविद्यालय से अंतर्राष्ट्रीय मामले विषय पर स्नातक (बीए) की पदवी प्राप्त की है।

# सबके लिए स्मार्ट शहर
# संसाधन

www.smartcities4all.org पर जाएँ और अतिरिक्त उपकरण डाउनलोड करें

संपर्क करें: info@smartcities4all.org